हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 11 जून 2025

## खेलते-खेलते पानी की टंकी में गिरा मासूम, हुई मौत

**नागपुर.** कपिल नगर थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत ने इलाके में शोक की लहर फैला दी है। साढ़े तीन वर्षीय बालक खेलते समय घर के पीछे बनी शौचालय की टंकी में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। यह हादसा गुडलक सोसायटी, नारी रोड, समता नगर, कपिल नगर में रहने वाले ब्रिजेश धुलीचंद बिसेन (उम्र 34 वर्ष) के घर में हुआ। उनका पुत्र भौमीक बिसेन रोज की तरह खेल रहा था। इसी दौरान वह खेलते-खेलते घर के पिछे स्थित शौचालय की खुली टंकी में गिर गया। कुछ समय बाद परिजनों ने जब उसे नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की, और टंकी में उसे बेशुद्ध अवस्था में पाया गया। परिजन उसे तुरंत मेयो अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही कपिल नगर पुलिस स्टेशन में अकस्मात मृत्यु के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# गोरेवाड़ा जू में बिछेगी हरियाली की चादर

## > बारिश में लगेंगे आस-पास 2 हजार पौधे

**नागपुर.**



गोरेवाड़ा जू जल्द ही हरियाली की चादर से ढंक जाएगा। इस बारिश के मौसम में जू के आसपास 2,000 नए पौधे लगाने की योजना है। मंगलवार को लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य जू को हरा-भरा बनाना और वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। इन पौधों में फलदार और छायादार पेड़ों के वृक्ष शामिल होंगे, जो भविष्य में मांसाहारी वन्यजीवों को छाया और शाकाहारी वन्यजीवों को फल प्रदान करेंगे। यह कदम न केवल जू की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में अधिक समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

नागपुर का बालासाहब ठाकरे गोरेवाड़ा अंतरराष्ट्रीय जू पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। सुबह 8:30 बजे से शाम तक यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। एसी बसों के माध्यम से चार प्रकार की सफारी - लेपर्ड सफारी, भालू सफारी, बाघ सफारी और शाकाहारी वन्यजीव सफारी - उपलब्ध हैं। इन सफारियों में पर्यटक बाघ, भालू, तेंदुआ और विभिन्न शाकाहारी वन्यजीवों को देख सकते हैं। जू की सुरक्षा के लिए चारों ओर बाडबंदी की गई है, ताकि बाहरी वन्यजीव अंदर न आ सकें और जू के वन्यजीव बाहर न जा सकें। हालांकि, यह क्षेत्र जंगली होने के बावजूद झाड़ियों और घने वनस्पति की कमी से जूझ रहा है। इस कारण वन्यजीव यहाँ लंबे समय तक नहीं ठहरते और कई बार तेंदुए व शाकाहारी वन्यजीव पास की मानव बस्तियों की ओर चले जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जू प्रशासन ने 2,000 पौधे लगाने का फैसला किया है।

बारिश के मौसम में शुरू होने वाले इस पौधारोपण अभियान के लिए बाहर से पौधों की आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। यह पहल न केवल वन्यजीवों के लिए बेहतर आवास सुनिश्चित करेगी, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी समृद्ध करेगी। हरे-भरे जंगल के बीच सफारी का आनंद लेना पर्यटकों के लिए और अधिक रोमांचक होगा। साथ ही, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। गोरेवाड़ा जू की यह हरियाली पहल नागपुर के लिए गर्व का विषय बनेगी। इसके अलावा बारिश में नागपुर परिक्षेत्र में भी पौधारोपण किया जाएगा। ताकि लगातार होनेवाले अतिक्रमण से लेकर मानव हस्तक्षेप के चलते काटे जानेवाले पेड़ों की भरपाई की जा सके। बारिश होने के बाद पौधारोपन किया जाएगा। इसके अलावा सीड्सबॉल भी फेंके जाएंगे।

## शहर के कुछ इलाकों में आज बिजली कटौती

**नागपुर.**



मानसून आने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और शहर में बिजली आपूर्ति को सुरक्षित व निर्बाध बनाए रखने के लिए महावितरण (महानगर विद्युत वितरण कंपनी) ने कमर कस ली है। इसी क्रम में, आज से नागपुर के विभिन्न इलाकों में मानसून पूर्व रखरखाव और मरम्मत कार्य के लिए बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद रहेगी। इससे नागरिकों को अस्थायी असुविधा हो सकती है, लेकिन लंबे समय तक निर्बाध बिजली सेवा के लिए यह कार्य अत्यंत आवश्यक है। महावितरण ने नागरिकों से इसकी जानकारी लेकर सहयोग करने की अपील की है।

### बिजली कटौती का समय और प्रभावित क्षेत्र

**कॉन्ग्रेसनगर विभाग**

सुबह 8:00 से दोपहर 12:00 तक नरसाला, जयहिंगनगर, नीलगंगा सुबह 8:00 से 11:00 तक बहादुरा, गोधनी सीम, जगन्नाथनगर, लोकमान्य सोसायटी, जयंती नगरी 6, पद्मावतीनगर, राजेश्वरी पार्क, मेश्राम लेआउट, मनोहर सोसायटी, जयराम कॉलोनी, ढोबीनगर, चिंतामणी 1 व 2, एन्सारा सिटी, रचना मिथिला, अथर्वनगरी 4 व 7, पिपलगांव सुबह 8:00 से 11:00 तक अभ्यंकरनगर, हिंदुस्तान कॉलोनी, पंकजनगर, फुटाला चौक व आसपास, एलआईटी परिसर व वसाहत, अंबाझरी टेकड़ी सुबह 8:00 से दोपहर 12:00 तक आरबीआई कॉलोनी, महालक्ष्मी मंदिर, अभिनव कॉलोनी, धरमपेठ सोसायटी, सितानगर सुबह 7:30 से 11:00 तक पी एंड टी कॉलोनी, अत्रे लेआउट, अरविंद अपार्टमेंट सुबह 8:30 से 11:30 तक फुलसुंगे लेआउट, अमरशा लेआउट, परफेक्ट सोसायटी, पायोनियर ओरियन, आनंदनगर, प्रगतीनगर, घरकुल सोसायटी, राही इस्टेट, जयताला बाजार चौक, केशवमाधवनगर, प्रसादनगर, हिरणवार लेआउट, नागपुर विद्यापीठ सोसायटी, सौदामिनीनगर, पठाण लेआउट, बंडू सोनी लेआउट, गजानन नगर, पारेख लेआउट, सरस्वती विहार कॉलोनी, डंभारे लेआउट, त्रिमूर्तिनगर, कॉसमॉस टाउन, गोरले लेआउट, द्रोणाचार्यनगर

**सिविल लाइन्स विभाग**

सुबह 7:00 से 11:00 तक नई बस्ती, टेका, बाबा बुधाजीनगर, फारुकनगर सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 तक पावर ग्रिड चौक, रिंग रोड, कमाल चौक, वैशालीनगर, सॉ मिल, लश्करीबाग, इंदोरा, भीम चौक

**गांधीबाग विभाग**

सुबह 8:30 से 10:30 तक वर्धमाननगर कॉलोनी, पूर्व वर्धमाननगर सुबह 8:30 से दोपहर 1:00 तक नवीननगर, श्यामनगर, दुर्गानगर, निर्भया सोसायटी सुबह 9:00 से 11:00 तक तांडापेठ, नाईक तालाब, बांग्लादेश, बंगालीपंजा, पाचपावली सुबह 8:00 से दोपहर 12:00 तक मेहंदीबाग, जामदारवाडी, कंजी हाउस, कांजी चौक, जोशीपुरा, जयभोलेनगर, मटन मार्केट, होलसेल मार्केट, गांधीबाग बगीचा परिसर

**महाल विभाग**

सुबह 9:00 से 11:00 तक खरबी, रतननगर, सहकारनगर, गाडगेनगर सुबह 9:00 से दोपहर 2:00 तक हसनबाग, राजेंद्रनगर, म्हाडा कॉलोनी, नंदनवन सुबह 9:00 से दोपहर 1:00 तक विदर्भ प्रीमियर सोसायटी, राजवाडा, गणेश चौक, लोधीपुरा, गांधीपुतला, मिलन चौक, भालदारपुरा, गंजीपेठ, लोहारपुरा, हाश्मी टॉवर, काजीपुरा. सुबह 7:00 से 10:30 तक:* बालाजीनगर, उल्हासनगर, नाईकनगर

**बुटीबोरी विभाग**

सुबह 7:00 से 9:00 तक कैंडीको पावर लाइन पर एमआईडीसी उपविभाग 2 के तहत औद्योगिक क्षेत्र. सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 तक निलडोह पावर लाइन पर एमआईडीसी के तहत औद्योगिक क्षेत्र, निलडोह गांव. सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 तक एमआईडीसी उपविभाग 2 के तहत औद्योगिक क्षेत्र.

**नागरिकों से अपील :** महावितरण द्वारा की गई इस नियोजित बिजली कटौती से नागरिकों को असुविधा हो सकती है, लेकिन मानसून के मद्देनजर यह कार्य अत्यंत आवश्यक है। इसलिए, नागरिकों से अनुरोध है कि वे पानी का संचय करने सहित अन्य आवश्यक तैयारियां कर लें। महावितरण आपके सहयोग के लिए आभारी है।

## बीएमडब्ल्यू और बाइक की जोरदार टक्कर, युवक की मौत

**नागपुर.** चिंचभवन चौक, वर्धा रोड पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी।

फरियादी लोकेश तुलशीराम बोपचे (25 वर्ष) नेहा किराणा दुकान के पास जगदीश नगर, गिट्टीखदान निवासी ने बेलतरोडी थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उनके बड़े भाई योगेश तुलशीराम बोपचे (29 वर्ष) और उनके मित्र भोजेन्द्र खोब्रागडे (55 वर्ष) बालाघाट, मध्यप्रदेश निवासी अपनी पॅशन मोटरसायकल (क्र. एम एच 31 एफडी 1666) से एम्स हॉस्पिटल में भर्ती एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। वापसी के दौरान, रात 3:15 बजे के आसपास, चिंचभवन चौक से गुजरते समय एक बीएमडब्ल्यू कार (क्र. एचपी 89 ए 1592) के चालक ने लापरवाही व तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसायकल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार चालक घटनास्थल पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घायलों को तत्काल एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने योगेश बोपचे को मृत घोषित किया।

## चैंबर चोक, 'सीवेज' के बहने से नागरिक त्रस्त





### तत्काल समस्या के निराकरण की मांग

**नागपुर.**

जाफर नगर के टीचर्स कालोनी के पास ही चैंबर चोक होने के कारण सीवेज रोड पर बह रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत महानगर पालिका से की थी । बताया जा रहा है कि यह समस्या काफी समय से है, संबंधित विभाग से समस्या के समाधान की मांग भी की गई लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार का समाधान नहीं निकाला गया। इस मलजल ने लोगों का चलना दूभर कर दिया है। दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं। पास ही में नगरपालिका का दवाखाना भी है। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने संबंधित विभाग से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री का किया सत्कार

**नागपुर.**



विधायक कृष्णा खोपडे एवम विधायक प्रवीण दटके व भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी के अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सूर्यनगर स्तिथ मनपा स्थाई समिति पूर्व सभापति प्रदीप पोहाणे के निवस्थान पर विभिन संघटन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सत्कार किया। सर्वप्रथम उनके आगमन पर प्रदीप पोहाणे परिवार के सदस्यों ने उनको तिलक कर आरती उतारी। छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायकगण व भाजपा शहर अध्यक्ष से छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्य के बारे में चर्चा की एवम नागपुर शहर में हो रहे विभिन प्रकार के विकास कार्य के बारे में समझा। सत्कार करने में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमोद पेंड्के, पूर्वनगरसेवक नरेंद्र ( बाल्या) बोरकर, पूर्व नगरसेविका चेतना टांक, सरिता कावरे, मनीषा अतकरे, जयश्री रारोकर, वैशाली वैध, देवेंद्र मेहर, अनिल गेंडरे, वसंतराव पोहाणे, संदीप पोहाणे, श्वेता पोहाणे, मनोज अग्रवाल, विजय सावरकर, रामदास साहू, बृजभूषण शुक्ला, सचिन रारोकर, देवेंद्र पिसे, सतीश जैन, आशीष मेहर, लोकेश बावनकर, राजु चिंचालकर, मनोज शाहु, श्याम देवतले, देवेंद्र बिसेन आदि ने सत्कार किया।

## उधार के पैसों के विवाद में युवक की हत्या

### दो आरोपी गिरफ़्तार, एक फरार

**नागपुर.**



कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना में पैसों के विवाद के चलते 24 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान भूतेश्वरनगर निवासी राहुल मोहन पांडे के रूप में हुई है। हत्या के आरोप में 2 सगे भाईयों रोहित उर्फ मारी नामदेव चांदेकर (29) और विक्की नामदेव चांदेकर (33), निवासी नवाबपुरा, महल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उनका साथी नीरज लारोकर फिलहाल फरार है। जानकारी के अनुसार, राहुल आरटीओ कार्यालय में दलाली का काम करता था। उसकी रोहित चांदेकर से पुरानी दोस्ती थी। कुछ महीने पहले राहुल ने रोहित को 8,000 रुपये उधार दिए थे, जिन्हें वापस मांगने पर रोहित टालमटोल कर रहा था। इसी पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद गहराता जा रहा था। रविवार रात करीब 11 बजे रोहित ने राहुल को फोन कर पैसे देने के बहाने लकड़ापुल के पास बुलाया। वहां रोहित के साथ विक्की और नीरज भी मौजूद थे। पैसों की मांग को लेकर कहासुनी हुई जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। तीनों ने मिलकर राहुल की पिटाई की और फिर रोहित ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल राहुल को नागरिकों की मदद से मेयो अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की मां सुनीता पांडे की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। देर रात तक चली कार्रवाई में पुलिस ने चांदेकर बंधुओं को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। फरार आरोपी नीरज लारोकर की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रोहित और विक्की दोनों अपराधी प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। फरवरी महीने में रोहित से एक देसी कट्टा भी जब्त किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद वह दोबारा अपराध में सक्रिय हो गया था।

## कपिल नगर में चाकू से हमला

### युवक गंभीर घायल, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**नागपुर.** कपिल नगर थाना क्षेत्र में वाहन को कट लगने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हथियारों से लैस आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह सनसनीखेज घटना कपिल नगर चौक पर बीती रात घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान भूषण चौधरी के रूप में हुई है। वह अपने दोस्त अयाज शेख के साथ मोपेड से कोराडी से कपिल नगर में रहने वाले एक रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। रास्ते में कोराडी चौक के पास उनकी मोपेड को पीछे से एक अन्य मोपेड ने टक्कर मार दी। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई, मगर भूषण और उसका दोस्त आगे बढ़ गए। कुछ ही देर में टक्कर मारने वाले आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को फोन पर बुला लिया और भूषण तथा अयाज का पीछा शुरू किया। कपिल नगर चौक पर 5 से 6 हथियारबंद आरोपियों ने उन्हें जबरदस्ती रोका और बीच चौक में गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू से भूषण चौधरी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। भूषण के दोस्त अयाज ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत मेयो अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कपिल नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## बंद घर से चोरों ने उड़ाए 4.88 लाख के गहने

**नागपुर.**

शहर के अजनी थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है। घटना 7 जून 2025 की शाम 7 बजे से 8 जून दोपहर 12:30 बजे के बीच की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजनी रेलवे क्वार्टर नंबर 165/M, दुर्गा माता मंदिर के पास रहने वाले सतिश बैजूलाल शेंद्रे (46) अपने परिवार के साथ राजनंदगांव, मध्यप्रदेश में रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। घर पर ताला लगा हुआ था, इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का मुख्य दरवाज़ा तोड़ दिया और अंदर घुसकर बेडरूम में रखी दो अलमारियों से कुल 4,88,000 के सोने के गहने चुरा लिए। इस संबंध में शेंद्रे ने अजनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और चोरों की तलाश जारी है।

## शहर में ई-रिक्शा और रॉन्ग साइड चालकों पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

### एक दिन में 979 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**नागपुर.** शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। 10 जून को विशेष अभियान चलाकर ई-रिक्शा और रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। यह अभियान नागपुर ट्रैफिक पुलिस के सभी परिमंडलों में एक साथ चलाया गया। इस विशेष मुहिम के दौरान कुल 623 ई-रिक्शा चालकों और 356 रॉन्ग साइड चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। एमआईडीसी क्षेत्र में 28 ई-रिक्शा व 25 रॉन्ग साइड चालकों पर कार्रवाई हुई। सोनेगांव में 74 ई-रिक्शा और 65 रॉन्ग साइड वाहन चालकों पर जुर्माना हुआ। सिताबर्डी, सदर, कॉटन मार्केट, लकड़गंज, अजनी, सक्करदरा, इंदौरा और कामठी जैसे इलाकों में भी सैकड़ों चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि यह मुहिम केवल एक दिन के लिए नहीं थी। आने वाले दिनों में भी ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। नागपुर ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे खुद की और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

## मनपा 21 को करेगी सामूहिक योगाभ्यास

**नागपुर.**




### > तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

विश्व योग दिवस के अवसर पर नागपुर महानगरपालिका द्वारा शनिवार 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी, स्वरूप और विभिन्न संगठनों के सुझाव जानने के लिए सोमवार (दि. 9) को नागपुर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मनपा मुख्यालय स्थित आयुक्त सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में मनपा उपायुक्त विनोद जाधव, क्रीड़ा अधिकारी पीयूष अंबुलकर, अंतरराष्ट्रीय योग एथलीट धनश्री लेकुरवाले, पूर्व उपमहापौर सुनील अग्रवाल, अनिल मोहगांवकर, प्रशांत राजुरकर, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय सक्करदरा, जनार्दन स्वामी योगाभ्यासी मंडल, एमेच्योर नागपुर योगासन एसोसिएशन, वाई के ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट, पतंजलि, दत्ता मेघे आयुर्वेदिक महाविद्यालय हिंगणा उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले उपायुक्त विनोद जाधव ने आयोजन के बारे में जानकारी दी। उसके बाद आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी संस्थाओं से सुझाव मांगे। उन्होंने बारिश का मौसम होने के कारण नागरिकों को असुविधा न हो, इस विषय पर चर्चा की तथा इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम हर वर्ष योग बोर्डों एवं संगठनों के सहयोग से विश्व योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें योग के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## बलात्कार का फरार आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

### कलमना पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.** कलमना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे एक बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी का नाम अविनाश दिन्याजी इंदुरकर (27 वर्ष) है, जो मूलतः लिंगा, गादरवाडा, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश का निवासी है और वर्तमान में गुलशन नगर, कलमना में रह रहा था। कलमना थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 376, 376(2)(जे)(एन) तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) की धारा 4, 8, 12 के तहत गंभीर मामला दर्ज था। प्रारंभिक गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने न्यायालय से सशर्त जमानत प्राप्त की थी। जमानत पर रिहा होने के पश्चात आरोपी अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर न्यायालय ने गैरहाजरी का संज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुप्त जानकारी के आधार पर कलमना पुलिस ने योजना बनाकर आरोपी को 8 जून 2025 को गिरफ्तार कर लिया। उसे तत्काल न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए नागपुर के केंद्रीय कारागृह में रवानगी दी गई है।

## अनैतिक संबंधों का खूनी अंत

### दोस्त की ईंट से कुचलकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** तहसील पुलिस थाने के अग्रसेन चौक के पास रविवार रात एक दर्दनाक वारदात में अनैतिक संबंधों के चलते एक व्यक्ति ने अपने ही दोस्त की ईंट और पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के तुरंत बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अण्णा उर्फ शैलेश के रूप में हुई है, जबकि आरोपी अनुराग उर्फ घोड़ा सुनील बोरकर (33) आंबेडकर चौक, शांति नगर फुटपाथ निवासी बताया गया है। पुलिस ने एस.बी.एस. लॉज के मैनेजर राकेश श्रीधरराव सबल(45) की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैलेश और अनुराग दोनों ही कचरा चुनने का काम करते थे और फुटपाथ पर रहते थे। दोनों की जान-पहचान होशंगाबाद जेल में हुई थी और दोनों पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी अनुराग की एक महिला के साथ पति-पत्नी की तरह रहने की जानकारी मिली है, जिनके साथ उनका एक छोटा बच्चा भी रहता है। बताया जा रहा है कि इसी महिला के साथ मृतक शैलेश के भी पहले संबंध थे। हाल ही में शैलेश द्वारा महिला के साथ बार-बार छेड़खानी की जा रही थी, जिससे परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत अनुराग से की। घटना वाली रात भी जब शैलेश ने महिला के साथ दुर्व्यवहार किया, तो गुस्से में आकर अनुराग ने पास में पड़ी ईंट और पत्थर से शैलेश का सिर कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकार लॉज के मैनेजर ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। तहसील पुलिस घटना की हर एंगल से जांच कर रही है।

CMYK

# विदर्भ में बढ़ती नशे की लत पर एसएमएचआरसी का करारा प्रहार

## शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल में क्षेत्र का सबसे समावेशी व्यसनमुक्ति केंद्र शुरू

**नागपुर.**

विदर्भ में किशोरों और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी) ने एक बड़ा कदम उठाया है। नागपुर में अब इस क्षेत्र का सबसे समावेशी और किफायती कॉम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड डी-एडिक्शन सेंटर (व्यसनमुक्ति केंद्र) शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य नशे के जाल में फंसे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को सम्मानजनक और वैज्ञानिक उपचार प्रदान करना है।

एसएमएचआरसी, दत्तामेघे इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीएमआयएचईआर) से संबद्ध एक प्रमुख 1020 बिस्तरों वाला शिक्षण अस्पताल है। इसे एनएएसी द्वारा ए++ मान्यता प्राप्त है, तथा यह देश के उच्चतम स्कोर (3.78) प्राप्त करने वाले आरोग्य विज्ञान विश्वविद्यालयों में शामिल है।

विदर्भ में तंबाकू, शराब और अन्य मादक द्रव्यों के उपयोग से मुख कैंसर, मानसिक बीमारियों और सामाजिक विघटन की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे समय में जब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यसनमुक्ति के लिए समर्पित सेवाओं का अभाव है, एसएमएचआरसी द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है।

यह केंद्र वरिष्ठ विशेषज्ञों — डॉ. प्रदीप पाटिल, डॉ. प्रशांत भरबत, डॉ. अभिजीत फाये, डॉ. अपूर्वा जोशी, डॉ. अमिता कामड़ी और डॉ. सीता वर्मा — के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। यहां एक रोगी-केंद्रित, वैज्ञानिक एवं समग्र उपचार प्रणाली विकसित की गई है। उल्लेखनीय है कि हिंगणा विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री समीर मेघे के विशेष प्रयासों से यह पहल साकार हुई है। वे समाज के कमजोर वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

विदर्भ में यह पहला और इकलौता संस्थान है जो एक ही छत के नीचे पूर्णकालिक योग्य चिकित्सकों की देखरेख में समावेशी और व्यापक व्यसनमुक्ति उपचार प्रदान कर रहा है।

### सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ाव

यह व्यसनमुक्ति केंद्र प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाय), महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (एमजेपीजेएवाय), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), डिबीसीएस तथा मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) जैसी सरकारी योजनाओं के अंतर्गत उपचार की सुविधा प्रदान करता है। इसके जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा एसएमएचआरसी की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, मोहल्ला क्लीनिक, और गांव गोद योजना के माध्यम से यह प्रयास और अधिक प्रभावशाली व व्यापक हो रहा है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों तक भी प्रभावी स्वास्थ्य सेवा पहुँच रही है। इस पहल से विदर्भ में नशामुक्त समाज की दिशा में एक नई शुरुआत हुई है, जो आने वाले समय में सकारात्मक परिवर्तन लाने की उम्मीद जगा रही है




# वटपूर्णिमा पर सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना, क्षेत्र में उल्लासपूर्ण माहौल

**खापरखेड़ा.**



खापरखेड़ा क्षेत्र में वटपौर्णिमा का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज और श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने "जन्मों-जन्मों तक तुम्हारा साथ मिले" — इस मंगलकामना के साथ वटवृक्ष की पूजा की।

गजानन महाराज मंदिर (चिचोली), खापरखेड़ा रेलवे स्टेशन समीप, नया बिना, भानेगांव, जयभोले नगर और चनकापुर सहित अनेक स्थानों पर वटवृक्षों के नीचे सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक परिधान, सोलह श्रृंगार और पूजन थाली के साथ महिलाएं वटवृक्ष की परिक्रमा करती नजर आईं। वटवृक्ष को दीर्घायु का प्रतीक मानते हुए महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में प्रेम-सौहार्द की कामना से विधिपूर्वक पूजन किया। पूजा में आम, गेहूं, फूल, हल्दी-कुमकुम सहित पारंपरिक सामग्री का उपयोग किया गया। पूजा उपरांत वटवृक्ष को नैवेद्य अर्पित किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर आम के पत्तों से बना 'वाण' भेंट किया।

**सामूहिक प्रार्थना ने बढ़ाया आयोजन का महत्व :** पर्व के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की — "भारत माता का नाम संपूर्ण विश्व में फैले, बुरी प्रवृत्तियाँ नष्ट हों और अच्छाई की विजय हो। सभी को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त हो।"

इस अवसर ने खापरखेड़ा क्षेत्र में आध्यात्मिकता, श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द का माहौल बना दिया।

# पंस में नागपुर बाल समृद्धि अभियान नवाचार पहल पर मार्गदर्शन सभा




**कामठी.**

पंचायत समिति सभगृह में नागपुर बाल समृद्धि अभियान नवाचार पहल के अंतर्गत एक मार्गदर्शन सभा का आयोजन किया गया। नवाचार पहल की सभा की शुरुआत कामठी पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारी बालासाहब येवले के हाथों दीप प्रज्वलन और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगेबाबा की प्रतिमाओं पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मोटे, बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रकांत तोडकर, पर्यवेक्षक वैशाली खोत, तेजल रचोरे, तेजस्विनी गणवीर प्रमुखता से उपस्थित थे। मार्गदर्शन सभा में मुख्य अतिथियों ने नागपूर बाल समृद्धि अभियान नवाचार पहल के अंतर्गत कुपोषण के अनुपात को कम करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। बाल समृद्धि नवाचार पहल को सफलतापूर्वक और उचित रूप से लागू करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी समझाई गई। संबंधित अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से समाज में एक भी कुपोषित बच्चा न रहे इसके लिए विभिन्न योजनाओं को उचित तरीके से लागू करने का आह्वान किया। मार्गदर्शन सभा में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

# वट सावित्री पूर्णिमा शहर में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई

## विवाहित महिलाओं ने की पति की लंबी उम्र की कामना



### सौभाग्य के लिए की वटवृक्ष पूजा

**नागपुर.**

नागपुर शहर में वट सावित्री पूर्णिमा का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विवाहित महिलाओं ने सज-धजकर मंदिरों और वटवृक्षों के समीप एकत्र होकर अपने पतियों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य के लिए वटवृक्ष की पूजा की।

इस व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन महिलाएं देवी सावित्री और सत्यवान की कथा सुनती हैं और व्रत का पालन करती हैं। ऐसा माना जाता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान को मृत्यु से वापस लाने के लिए कठिन तप किया था और अपने पातिव्रत्य से यमराज को भी पराजित किया था।

हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या को यह व्रत रखा जाता है। हालांकि, कुछ श्रद्धालु इसे पूर्णिमा को भी करते हैं। इस वर्ष यह पर्व 10 जून को मनाया गया। इस दिन महिलाओं ने उपवास रखकर वटवृक्ष की परिक्रमा की और कच्चा सूत बांधकर सौभाग्य की कामना की।

पौराणिक कथा के अनुसार, राजा अश्वपति की कोई संतान नहीं थी।

उन्होंने देवी सावित्री की तपस्या की और उनके वरदान से उन्हें एक तेजस्वी कन्या प्राप्त हुई जिसका नाम सावित्री रखा गया।

सावित्री ने सत्यवान से विवाह किया, जो एक अरण्य में अपने पराजित पिता के साथ रहता था। नारद मुनि ने बताया कि सत्यवान की मृत्यु विवाह के एक वर्ष के भीतर ही निश्चित है, लेकिन सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रही। विवाह के बाद सावित्री ने सास-ससुर और पति की सेवा करते हुए एक साधा जीवन बिताया। जब मृत्यु का समय निकट आया, तब सावित्री ने तीन दिन का व्रत किया और चौथे दिन अपने पति के साथ वन में गई।

वहीं सत्यवान बेहोश हो गया और यमदूत उसकी आत्मा लेने आए। सावित्री ने उन्हें रोकते हुए यमराज से वाद-विवाद किया और अंततः अपनी तपस्या और वाणी के प्रभाव से यमराज को संतुष्ट कर पति को पुनर्जीवन और ससुर को राज्य और दृष्टि का वरदान दिलाया।

इस तरह वट सावित्री व्रत पति की लंबी उम्र, सुखी वैवाहिक जीवन और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और पूरे देश में विशेष रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर भारत की महिलाएं श्रद्धा से यह व्रत करती हैं।

# न्यू येरखेड़ा में वटपौर्णिमा पर महिला बचत गट द्वारा वृक्षारोपण



**कामठी.**

रामकृष्ण लेआउट, न्यू येरखेड़ा में, वटपौर्णिमा के अवसर पर महिला बचत गट (स्वयं सहायता समूह) के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर यह पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत येरखेड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच और महिला बचत गट की वरिष्ठ मार्गदर्शिका, मंगला कारेमोरे के हाथों पूजा-आरती के साथ हुई। इस अवसर पर सुषमा सुदाम राखडे, प्रांजल फेंडर, नूतन मुले, प्रतिभा गेडाम, निकिता गेडाम, दीपा सोनटक्के, गायत्री पवार, अयोध्या राठोड, मुक्ता कारेमोरे, कविता बावनकर, वंदना भस्मे, उषा कारेमोरे, रजनी कारेमोरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। महिला बचत गट की ओर से रामकृष्ण लेआउट और उपासे लेआउट परिसर में 25 पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए पूर्व सरपंच मंगला कारेमोरे ने कहा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा लगाकर उसे पेड़ में बदलने के लिए पहल करनी चाहिए।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक सुषमा राखडे ने किया, संचालन नूतन मुले ने और आभार प्रदर्शन वंदना भस्मे ने व्यक्त किया।

# कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत कुलगुरु ने किया वृक्षारोपण

**रामटेक.**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ यह अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" पहल के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसकी प्रेरणा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिली है।

इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके शुभ हाथों द्वारा आम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सामाजिक वनीकरण विभाग के वनपाल श्री आर.आर. शुक्ला, एन.एन. केंद्रे व श्री धारणे ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और सहयोग प्रदान किया।

विश्वविद्यालय ने न केवल पारंपरिक वृक्षारोपण किया, बल्कि मियावाकी वन की अवधारणा को भी अपनाया है, जिसके अंतर्गत एक निश्चित क्षेत्र में घने पौधारोपण की योजना लागू की गई है। साथ ही, एक विशेष तितली उद्यान की भी स्थापना की गई है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता को भी बढ़ावा देगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ग्रंथपाल डॉ. दीपक कापडे, परीक्षा नियंत्रक डॉ. केशव मोहरीर, उप कुलसचिव डॉ. रोशन अलोने, डॉ. स्मिता फड़नवीस, सहायक कुलसचिव श्रीपद अभ्यंकर, उप अभियंता संतोष वाडीकर एवं विजय जामणकर ने भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के उद्यान विभाग का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। कुलगुरु प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है और विश्वविद्यालय परिसर को हराभरा बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे।

# केलवद पुलिस ने प्रतिबंधित बीटी कपास बीज किये जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**सावनेर.** केलवद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौजा बिडगांव में पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित बीटी कपास के बीज अवैध रूप से बेचने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य में प्रतिबंधित बीटी संकर कपास बीज को अवैध रूप से ले जाते और बेचते हुए आरोपी रमेश नाथू घाटोले (57), निवासी बिडगांव, को रंगे हाथों पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 40 नग बीटी बीज के पैकेट, प्रत्येक 450 ग्राम वजन के, कुल कीमत लगभग ₹6,000/- के बीज जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त आवश्यक दस्तावेज भी जब्त कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए केलवद पुलिस थाने को सौंपे गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश कोकाटे के मार्गदर्शन में पीएसआई चंद्रशेखर घडेकर, पुलिसकर्मी राजू रेवतकर, रवि चटप और देवा देवकते द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई।


पुलिस और कृषि विभाग ने अपील की है कि किसान केवल अधिकृत और मान्यता प्राप्त बीजों का ही उपयोग करें और अवैध बीजों की बिक्री और खरीदी से बचें। मामले की जांच जारी है।

# खंडाला डुमरी में दिल दहला देने वाली हत्या

## धारदार हथियार से वार कर 60 वर्षीय रिटायर्ड कर्मचारी की हत्या

### तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, हत्यारे अब तक फरार

**पारशिवनी.**



खंडाला डुमरी परिसर में 8 जून की रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसमें 60 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी हीरालाल लक्ष्मण पूरे की धारदार हथियार से गला और छाती पर वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना रात 8 से 10 बजे के बीच हुई बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मृतक हीरालाल अपने दोस्तों के साथ रविवार को उमरेड शंकरपट देखने गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी दोस्त वापस खंडाला गांव लौट आए, लेकिन हीरालाल ढाबे के सामने चाय की दुकान के पास अपनी मोटरसाइकिल लेने रुके थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

जब देर रात तक हीरालाल घर नहीं पहुंचे तो उनके बेटे ने उन्हें तलाशना शुरू किया। चाय की दुकान के पास पहुंचने पर वहां हीरालाल की मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 40 क 9095) खड़ी मिली। पास ही स्थित नहर में नीचे जाकर देखने पर हीरालाल लहूलुहान अवस्था में पड़े मिले। तुरंत उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से सरकारी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पारशिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर जांच शुरू की। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक पुलिस को किसी भी आरोपी का सुराग नहीं मिला है। यह मामला क्षेत्र में दहशत का कारण बना हुआ है। पुलिस जांच जारी है, लेकिन आरोपी अब भी फरार हैं।

अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इस जघन्य हत्या का खुलासा कर पाती है।

# बाघ की दहशत से कांप रहे ग्रामीण, वन विभाग नाकाम : नेता भी लापता

## > ग्रामीण इलाकों में आदमखोर बाघ का आतंक, खेती-किसानी ठप

**पारशिवनी.**





विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाके इन दिनों बाघ के आतंक से कांप रहे हैं। आये दिन बाघ गांवों और कस्बों में घुसकर पालतू पशुओं को शिकार बना रहा है। हाल ही में नेउरवाडा गांव के पास एक किसान पर हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया। इससे इलाके में दहशत का माहौल है।

वनविभाग की टीमें दिन-रात बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। विभाग के 20-30 कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन बाघ अब तक पकड़ से बाहर है। बाघ खेतों, सड़कों, यहां तक कि गांव के घरों के आस-पास भी दिखाई दे रहा है, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। खेती-बाड़ी का काम पूरी तरह से ठप है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई पर संकट मंडरा रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का खतरा है।

शनिवार को आमगांव-बाबुरवाडा पाइपलाइन के पास एक बाघिन दो स्वानों के साथ दिखाई दी, जिससे ग्रामीणों में और अधिक भय फैल गया। अब तक विधानसभा क्षेत्र में तीन किसानों पर बाघ हमला कर चुका है।

हर बार हमले के बाद वनविभाग कुछ दिन सक्रिय होता है, फिर बाघ को न पकड़ पाने पर कार्यवाही ठंडी पड़ जाती है। यह सिलसिला महीनों से चल रहा है। विभाग की नाकामी के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता भी लोगों में नाराजगी का कारण बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर विधायक-सांसद इस मामले को गंभीरता से लेते और वनविभाग को सख्त निर्देश देते, तो आज स्थिति कुछ और होती। परंतु नेताओं की उदासीनता के कारण घटनाएं थमने के बजाय बढ़ रही हैं।

### जनता को चाहिए सुरक्षा और भरोसा

स्थानीय नागरिक किशोर बावनकुळे का कहना है, "जब जनप्रतिनिधि ही लोगों की जान की परवाह नहीं करते तो अधिकारियों से क्या उम्मीद की जाए? विधायक को खुद मौके पर आकर जनता को भरोसा देना चाहिए और वनविभाग को कड़े निर्देश देने चाहिए।"

# खापरखेड़ा पुलिस की बड़ी कामयाबी

## > घरफोड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार, 71 ग्राम सोना बरामद

**खापरखेडा.**




खापरखेड़ा डीबी (डिटेक्शन ब्रांच) पुलिस ने न्यू नांदा क्षेत्र में हुई घरफोड़ी की वारदात को महज चार दिनों में सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 71 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं। इस त्वरित कार्रवाई की सराहना पूरे क्षेत्र में की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी उमेश विजयकुमार मंदरकर (45 वर्ष), निवासी न्यू नांदा, 30 मई को अपने परिवार के साथ वर्धा में एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। 3 जून को जब वे लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखने पर पाया गया कि बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा लिया गया है। कुल चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग ₹2,78,500 आंकी गई।

इस घटना को लेकर खापरखेड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया (गु.क्र. 417/25, धारा 305(अ) भादंवि) और तुरंत जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गौरव राठौड़ (निवासी म्हांडा कॉलोनी, नागपुर) और एक विधि संघर्षग्रस्त बालक को हिरासत में लिया है। दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार, अपर पुलिस अधीक्षक रमेश धुमाल, उपविभागीय अधिकारी संतोष गायकवाड़ और खापरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंदकुमार कतलाम के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। पुलिस उपनिरीक्षक आरती नरोते, प्रफुल राठौड़, पुलिस हवलदार मुकेश वाघाडे, पो.ना. राजू भोयर और कैलास पवार की टीम ने इस केस को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अपराधियों को पकड़ने में खापरखेड़ा पुलिस तत्पर और सक्षम है।

## कहीं जनहानि नहीं, मगर भारी नुकसान की आशंका, प्रशासन जुटा राहत कार्यों में

# तूफानी बारिश का कहर, विद्युत आपूर्ति बाधित

**हिंगनघाट.**

बीते रविवार को हिंगनघाट तहसील में तेज हवाओं के साथ हुई मूसलधार बारिश ने व्यापक स्तर पर तबाही मचाई।

अचानक आई इस आपदा के चलते तालुका के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सबसे अधिक नुकसान विद्युत आपूर्ति तंत्र को हुआ है। वडनेर सर्कल अंतर्गत सास्ती, हदसती एवं एकुरली गांव तूफान से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जहां कुल 70 बिजली के खंभे तेज हवाओं के कारण उखड़कर गिर गए। तेज आंधी और बारिश का असर सावली सर्कल के गांवों में भी देखने को मिला, जहां कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूटने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है।

इसके चलते ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्यकारी अभियंता गोरडे, उप कार्यकारी अभियंता काले और डीवाईई तेलतुंबडे के नेतृत्व में इंजीनियरों की टीमें और ठेका एजेंसियां युद्धस्तर पर बिजली बहाल करने के कार्य में जुटी हुई हैं। प्रशासन अलर्ट पर, नुकसान का आंकलन जारी, तहसीलदार योगेश शिंदे ने तूफान के प्रभाव की जानकारी देते हुए बताया कि सौभाग्यवश इस आपदा में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, कई घरों और खेतों में लगे टिन के छप्पर तेज हवाओं में उड़ गए हैं। ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में पेड़ों के गिरने की भी खबर है। कई स्थानों पर पेड़ जड़ों से उखड़कर गिर गए, जिससे सड़कों पर यातायात भी बाधित हुआ है।





तहसील प्रशासन ने स्थिति का जायजा लेना शुरू कर दिया है। मंडल अधिकारी तथा संबंधित तलाठी नुकसान का पंचनामा तैयार करने के कार्य में जुटे हुए हैं। तहसीलदार शिंदे ने बताया कि पंचनामा कार्य पूर्ण होने के बाद ही तूफान से हुए वास्तविक नुकसान की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

❍ **ग्रामीणों को हो रही कठिनाइयाँ:** बिजली गुल होने के कारण गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति पर भी असर पड़ा है। कई स्थानों पर जलापूर्ति के मोटर पंप बंद हो गए हैं। इसके अलावा, मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएँ भी प्रभावित हुई हैं। तूफानी बारिश के कारण किसानों को भी काफी नुकसान होने की आशंका है। खेतों में लगे तैयार फसल के टिन शेड उड़ गए हैं और कई जगहों पर फसलें आंधी और बारिश के कारण गिर गई हैं। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की संभावना जताई जा रही है।

❍ **संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान:** तूफान के कारण दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए हैं। इससे न केवल सड़कों पर रुकावट आई है बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुँचा है। ग्रामीण इलाकों में बिजली के खंभे गिरने से करंट लगने की घटनाओं की आशंका को देखते हुए विद्युत विभाग ने सतर्कता बरतते हुए प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने नागरिकों से संयम बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। साथ ही, अस्थायी रूप से बिजली के संपर्क में न आने और गिरे हुए खंभों व तारों से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। राहत और पुनर्स्थापना कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। तहसील प्रशासन के अनुसार, अगले दो दिनों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। साथ ही, जिन घरों को भारी नुकसान हुआ है, उन्हें सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी। इस अप्रत्याशित आपदा ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्कता और त्वरित प्रशासनिक प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है। प्रशासन और विद्युत विभाग के त्वरित प्रयासों से ग्रामीणों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

## सेंधमारी कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो चोर गिरफ्तार



**1 लाख 97 हजार 923 रुपये नकद, कीमती सामान बरामद**

**हिंगनघाट.**

स्थानीय पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेंधमारी कर चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 97 हजार 923 रुपये नकद और कीमती सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने एक दुकान की छत पर चढ़कर टीन के नट-बोल्ट हटाकर उसे मोड़कर दुकान में सेंधमारी कर चोरी की थी। इस मामले में पुलिस को बीते 5 माह से आरोपियों की तलाश थी। 9 जून की शाम 7 बजे, पुलिस गश्त के दौरान एलआईसी कार्यालय के पास दो संदिग्ध युवकों को एक दोपहिया वाहन पर घूमते देखा। पूछताछ करने पर उनकी पहचान उमेश उर्फ गरीबा श्रवण तुंबवाहा (37 वर्ष), निवासी पलसा, तहसील माहूर, जिला नांदेड़ और शुभम अनिल कांबले (28 वर्ष), निवासी अशोक नगर, वर्धा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के बैग और थैले की तलाशी ली।

तलाशी में साड़ियां, पैंट, मोबाइल फोन और दुकान फोड़ने के उपकरण (पाना-पेंचिस) बरामद हुए। सघन पूछताछ में दोनों ने हिंगणघाट क्षेत्र सहित यवतमाल जिले के बाभुलगांव, कलंब, यवतमाल, और अमरावती, अकोला, बुलढाणा व वर्धा जिलों में चोरी की घटनाओं को कबूल किया। अब तक इनसे कुल 13 चोरियों का खुलासा हुआ है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 97 हजार 923 रुपये नकद और अन्य कीमती सामान बरामद किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में थानेदार देवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन टीम के यशवंत गोल्हर, विकास अवचट, नरेंद्र आरेकर, राकेश आष्टणकर, दीपक हाके, तथा साइबर सेल वर्धा के दिनेश बोथकर, अक्षय राऊत, गोविंद मुडे द्वारा की गई। पुलिस आगे की जांच में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इन चोरों से जुड़ी और किन-किन घटनाओं में इनकी भूमिका रही है।

## भूषण पुरस्कार एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



**हिंगनघाट.** पत्रकार संघ द्वारा भूषण पुरस्कार, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान एवं प्राचार्यों का सम्मान समारोह शहर के महावीर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ने की, जबकि मुख्य मार्गदर्शक के रूप में उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतारे और उपविभागीय अधिकारी विलास नरवटे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार योगेश शिंदे, मुख्य अधिकारी न.पा. प्रशांत उरकुड़े, थानेदार देवेंद्र ठाकुर, उद्यमी राजूबाबू राठी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर भूषण पुरस्कार और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, तथा प्राचार्यों का भी सम्मान किया गया। समारोह में प्रो. किरण ज्ञान वैद्य, राजेश ए. कोचर, मुकेश चौधरी, मलक मोहम्मद नईम, शुभम कोचर, संदीप रेवतकर, दीपक सुखवानी, केवलदास ढाले, अब्दुल रज्जाक, भास्करराव कलोडे, शंकर शिंदे, सुरेंद्र बोरकर, एडवोकेट हाजी मोहम्मद रफीक हाजी पीर मोहम्मद, प्रदीप आर्य, जगदीश प्रसाद शुक्ला, प्रदीप नागपुरकर, रवि येनोरकर, रमेश लोंढे, प्रमोद जुमड़े और अन्य ने समारोह में सहयोग किया। यह समारोह के शिक्षा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।



# भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर गंगाझरी में सार्वजनिक व्यायामशाला का लोकार्पण

**10 लाख की लागत से तैयार अत्याधुनिक फिटनेस सुविधा, युवाओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध**

**गोंदिया.**

भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गंगाझरी में "ठक्कर बाप्पा आदिवासी विकास योजना" के अंतर्गत निर्मित "क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा सार्वजनिक व्यायामशाला" का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस व्यायामशाला का निर्माण लगभग 10 लाख रुपये की लागत से किया गया है और इसे ग्राम के युवाओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क खोला गया है। इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता मा. सरपंच सोनुभाऊ विनायक घरडे ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में मा. वंदना पटले (पं.स. सदस्य), मा. डी. के. महाकालकर (ग्रामसेवक), मा. लक्ष्मी उपवंशी, मा. महेंद्र धुर्वे, लोकेश नागभीरे, मा. शिवभाऊ लिल्हारे, मा. विनोद कोहपरकर, मा. जितलाल मडावी, मा. संदीप कावले, विशाल उके और मा. जीत मरस्कोले मंच पर उपस्थित रहे। ग्रामवासी, युवामित्र व वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम गौरवशाली बना। सरपंच सोनुभाऊ घरडे ने अपने संबोधन में कहा कि "आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और डिजिटल दुनिया में इतनी लिप्त हो चुकी है कि शारीरिक सक्रियता कम होती जा रही है। इस व्यायामशाला के माध्यम से उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।"

उन्होंने बताया कि इस व्यायामशाला में सभी आवश्यक आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे ग्राम के हर वर्ग के लोग लाभ उठा सकें। इसके अतिरिक्त व्यायामशाला के बाहरी परिसर में एक "ऑक्सिजन पार्क" का भी निर्माण किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा और ग्रामवासियों को ताजगी भरा वातावरण प्राप्त होगा।





### ग्राम विकास की दिशा में एक और सशक्त कदम

❍ ग्राम पंचायत गंगाझरी की यह पहल ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर सामने आई है। यह व्यायामशाला न केवल युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगी, बल्कि यह पहल "फिट इंडिया", "मिशन लाइफ", "माझी वसुंधरा" और "स्वच्छ भारत अभियान" जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी गति प्रदान करेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष सेवा समिति ने किया पौधारोपण



**365वें साप्ताहिक श्रमदान शिविर के अंतर्गत आयोजन**

**वर्धा.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तथा 365वें साप्ताहिक श्रमदान शिविर के अंतर्गत वृक्ष सेवा समिति द्वारा सिंदी मेघे स्थित श्मशानभूमि से सटी पहाड़ी पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदर्भ के शहरों में बढ़ते तापमान और भविष्य में उत्पन्न होने वाली जल संकट की समस्याओं को देखते हुए वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण को ही एक स्थायी समाधान माना जा रहा है। इसी उद्देश्य के तहत वृक्ष सेवा समिति द्वारा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने और उनकी देखभाल में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई है। इस कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में अविनाश काकड़े, किशोर बोकड़े, पुरुषोत्तम टोणपे, दिलीप भुजाड़े, बाबाराव आगलावे, राजेश बोरसरे, सतीश बोरसरे, गणेश निमसटकर, अभय घोडकांडे, कन्हैया छांगानी, श्रीधर मून, विशाल खनगन, भूषण घरोटे, अविनाश मोहरले, अनिल पसिने, शुभम सातपुते, रवि नागपुरकर, राहुल गोल्हार, किशोर बाहे, प्रदीप मेंढे, विजय गावंडे, हर्षल व्यास, प्रतीक पांडे, अश्विन कांबले, दिलीप दुबे, अशोक भिवगड़े, प्रमोद सातपुते, सुशील शिरे, वैशाली शिरे, कंचन भिवगड़े, पूजा पोतदार, मनीष पोतदार, श्रीकांत शेंडे, श्याम परसोड़कर, श्रीकांत कहाते, योगेश चौधरी आदि ने सहभागिता निभाई। वृक्ष सेवा समिति पिछले 24 वर्षों से इस सिद्धांत के साथ कार्यरत है कि वृक्षारोपण और उनकी देखभाल ही जीवन का सच्चा ध्येय है। वर्ष 2017 से सिंदी मेघे श्मशान से सटी पहाड़ी पर समिति द्वारा साप्ताहिक श्रमदान के माध्यम से और कागज रद्दी के संग्रह से प्राप्त सहयोग के जरिए वृक्षों के संरक्षण एवं देखभाल का यह अभियान अनवरत जारी है। पर्यावरण संरक्षण के इस अनुकरणीय कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है।

## तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का धूमधाम से शुभारंभ



**वर्धा.** महिला पतंजलि योग समिति महाराष्ट्र पूर्व द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का स्थानीय मातोश्री सभागृह में 9 जून को उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला समिति की क्षेत्रीय प्रभारी संजीवनी माने के नेतृत्व में संपन्न हो रही है।

कार्यशाला की शुरुआत पारंपरिक वैदिक हवन से की गई, जिसमें संजीवनी माने, समाजसेवी संजय ठाकरे, उनकी पत्नी अपर्णा ठाकरे सहित 18 जिलों से आए समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। दूसरे सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ रोग अनुसार योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठाकरे, अपर्णा ठाकरे एवं भाजपा जिला महामंत्री अर्चना वानखेड़े का सम्मानित कर सत्कार किया गया। इंटीग्रेटेड योग सत्र में संजीवनी माने एवं राज्य कार्यकारिणी टीम ने जिला व तालुका से आई हुई बहनों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।

# आधार फाउंडेशन की महिलाओं ने वट का पौधारोपण कर मनाई वटसावित्री

### हर वर्ष किया जाता है वट का पौधारोपण

**हिंगनघाट.**

परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आधार फाउंडेशन की महिला मंच द्वारा हिंगनघाट के उदय हाउसिंग सोसायटी स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में वटवृक्ष का पौधारोपण कर वटसावित्री का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल पेड़ लगाएंगी बल्कि उनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी उठाएंगी। वटवृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक विशाल, सदाबहार व बहुपरिचित पेड़ है, जो वातावरण को शुद्ध करता है और भरपूर ऑक्सीजन प्रदान करता है। इसकी छाल, जड़ें और फल औषधीय गुणों से युक्त होते हैं। आधार फाउंडेशन विगत नौ वर्षों से शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिक एवं मानव कल्याण गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। इसी कड़ी में इस बार भी वटसावित्री के पर्व पर शहर के विभिन्न स्थलों पर वटवृक्ष के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर समुद्रपुर नगर पंचायत की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूर्णिमा गावित, लोकमान्य हाईस्कूल, दारोडा की प्राचार्य उषाताई घोड़मारे, आधार फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष माधुरी विहिरकर, स्वाति अतुल वांदिले की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्णिमा गावित ने कहा कि, "वृक्षारोपण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।" कार्यक्रम का संचालन ज्योति धार्मिक ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन शिल्पा हिंगणे ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में वैशाली लांजेवार, जयश्री काचोले, नीता गजबे, सविता येनोरकर, शीतल देशकरी, मयूरी देशमुख, अर्चना नांदुरकर, जयश्री पिसे, ज्योति हेमने, पूर्णिमा कावडकर, निर्मला बोकड़े, चंद्रकला कलोडे, कविता हवाईकर, मीना सोनटक्के, विद्या गिरी, अर्चना दुरबुडे, सीमा तिवारी, दीपाली रंगारी, कल्पना उइके, चित्रा नवघरे, के साथ शोभा भोयर, प्रिया डाखरे, इंदुताई देशमुख, संगीता चंदनखेड़े, वैशाली निनावे, गौरी येनुरकर, कुसुम वंजारी, सरस्वती खांडे, विद्या डाहाके, सुषमा डाहाके, अनुस्या खांडे, आंचल वकील एवं आधार फाउंडेशन के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। इस तरह आधार फाउंडेशन की महिलाओं ने वटसावित्री पर्व को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया।



## अपने माता-पिता का सम्मान करें, वे आपके सच्चे शुभचिंतक: डॉ. भांड़वलकर



**वर्धा.** दखने कुनबी समाज संस्था की ओर से स्थानीय शांति भवन में समाज के कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का भव्य गौरव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अमोलकचंद महाविद्यालय, यवतमाल के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र भांड़वलकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता ही बच्चों के सच्चे शुभचिंतक होते हैं। जीवन में सदा उनका सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र मिसाल ने की। उद्घाटनकर्ता के रूप में डॉ. महेंद्र गायकवाड़ उपस्थित रहे। अन्य प्रमुख अतिथियों में विवेक लोहकरे, डॉ. राजेंद्र भांड़वलकर, सुनील गफाट, डॉ. शीतल आड़गांवकर, नितेश कराले विशेष रूप से शामिल हुए। समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को पदक, प्रमाणपत्र एवं उपयोगी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंचासीन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस गौरव समारोह में समाज के 300 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 80 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# वणा नदी में डूबने की घटनाओं पर लगेगी लगाम

**जय भवानी माता बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन की पहल को मिली सफलता, श्मशान गृह कार्यालय में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे बचाव उपकरण**

**हिंगनघाट.**

वर्षों से हिंगनघाट की जीवनदायिनी वणा नदी, वर्षा ऋतु के दौरान विकराल रूप धारण कर लेती है। हर वर्ष मानसून के समय नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थिति बनती है। इस दौरान कई बार नागरिक अनजाने में या किसी कारणवश नदी में डूब जाते हैं। इन आपातकालीन परिस्थितियों में अब तक बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण समय पर सहायता नहीं मिल पाती थी और कई बार नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ती थी। इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए श्री जय भवानी माता बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन ने दो माह पूर्व नगर परिषद हिंगणघाट के मुख्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मांग रखी थी कि श्मशान गृह कार्यालय में 24 घंटे जीवन रक्षक जैकेट, रस्सी, ट्यूब जैसे प्राथमिक बचाव उपकरण स्थायी रूप से उपलब्ध कराए जाएं। संगठन का कहना था कि आपात स्थिति में त्वरित बचाव के लिए इन उपकरणों की अत्यंत आवश्यकता है ताकि बहुमूल्य मानव जीवन को समय रहते बचाया जा सके। संगठन की इस सकारात्मक पहल को नगर परिषद ने गंभीरता से लिया और उक्त मांग को स्वीकार करते हुए कार्यान्वित कर दिया। कल नगर परिषद द्वारा यह मांग पूरी करते हुए श्मशान गृह कार्यालय में स्थायी रूप से जीवन रक्षक जैकेट, रस्सी एवं ट्यूब जैसे बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस निर्णय से न संगठन बल्कि संपूर्ण हिंगणघाट वासियों ने भी संतोष और खुशी व्यक्त की है।





नागरिकों और संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को इस पहल के लिए विशेष धन्यवाद प्रेषित किया गया है। अब यदि कोई व्यक्ति वणा नदी में डूबने की स्थिति में फंस जाता है, तो श्मशान गृह पर 24 घंटे इन उपकरणों की उपलब्धता से त्वरित बचाव कार्य संभव होगा। यह व्यवस्था नगर के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगी।

इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फायर ब्रिगेड कार्यालय के गाणार, अन्य अधिकारी तथा श्री जय भवानी माता बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन के सक्रिय सदस्य गुणवंत ठाकरे, धनराज कुंभारे, आशीष भोयर, विनय मोरे, उमेश डेकाटे, तुषार हवाईकर, आशीष पाल, गणेश कुंभारे, राहुल बंगाले, संतोष चौधरी, अशोक पवनीकर, योगेश बाकरे, रोहन बंसोड़, साईं रंभाड़े, अभिजीत आंबटकर आदि उपस्थित रहे।

### संगठन की अपील

❍ इस अवसर पर संगठन ने हिंगणघाट के समस्त नागरिकों से अपील की है कि संकट के समय इन बचाव उपकरणों का सदुपयोग करें तथा किसी भी आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड अथवा नगर परिषद को तुरंत सूचित करें। साथ ही, उपकरणों का दुरुपयोग न करें, ताकि यह सेवा निरंतर सभी के लिए उपलब्ध रह सके। श्री जय भवानी माता बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन की इस सकारात्मक पहल से हिंगणघाट नगर को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधा मिली है, जिससे भविष्य में वणा नदी में डूबने जैसी घटनाओं में बहुमूल्य जानें बचाई जा सकेंगी।

# महिलाओं ने 'वट सावित्री' पर्व को बनाया हरित क्रांति का माध्यम



महिलाओ नें वट सावित्री के पावन पर्व को सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान के रूप में नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति गहरी संवेदनशीलता और सामुदायिक सशक्तिकरण के एक अनूठे उत्सव के रूप में मनाया । वट वृक्ष हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक होने के साथ-साथ, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक वट वृक्ष की परिक्रमा की, अपने पतियो के दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



दर्शन कॉलोनी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में मनाई गई वट पूर्णिमा, सभी महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति के लिए दीर्घयु और परिवार के लिए प्रार्थना की.

# विट्ठल रुक्मिणी मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**कामठी.**


रणाला स्थित श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर के परिसर में वट सावित्री पूजा का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया। वट सावित्री पूजा हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है, जिसे विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-शांति के लिए करती हैं। पूजा के दौरान महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर वट वृक्ष की विधिवत पूजा करती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने व्रत रखा, वट को कच्चे धागे से लपेटकर वृक्ष की परिक्रमा की और दीप प्रज्वलित किए।

पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की गई। महिलाएं एक-दूसरे को पूजन सामग्री भेंट कर परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करती रहीं और पूरे वातावरण में धार्मिक भावनाएं गूंजती रहीं। दिन भर निर्जला उपवास रखने के बाद पंचायत समिति पूर्व उपसभापति विमल नागोराव साबरे, पूर्व सरपंच सुवर्णा प्रशांत साबरे, वात्सल्य प्री स्कूल की डायरेक्टर स्वाति पंकज साबरे, भारती नवले, पुष्पा गोमासे, अनीता नवले, मयूरी नवले, जया कमलाकर मोहोड़, मंगला सुनील चलपे, मीणा गणपत गिरी, शालू कैलाश गिरी, संगीता शेषराव अढाऊ, ज्योत्सना संदीप शेंडे, अश्विनी स्वप्निल फुकटे सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि यह व्रत रखने से पति को लंबी आयु प्राप्त होती है और दांपत्य जीवन सुख-शांति बनी रहती है।



# कन्हान के हनुमान नगर में युवती ने की आत्महत्या

**कन्हान.**



हनुमान नगर निवासी नितीन प्रेमदास खोब्रागडे की बड़ी बेटी अंशिका नितीन खोब्रागडे (उम्र 19) ने अपने घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

ज्ञात हो कि रविवार, 8 जून को शाम 5 बजे नितीन खोब्रागडे काम से घर लौटे और थके होने के कारण हॉल में सो गए। शाम 7 बजे उनकी पत्नी ने उन्हें उठाया, तब उनकी छोटी बेटी अक्षरा रोते हुए आई और बताया कि ताई कमरे में पंखे से लटकी हुई है। जब नितीन खोब्रागडे ने जाकर देखा, तो अंशिका पंखे से दुपट्टा बांधकर लटकी हुई थी। उन्होंने उसे आवाज दी, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद परिवार वालों ने मिलकर उसे नीचे उतारा और पड़ोसी राहुल पाटील को बुलाकर उनकी चारपहिया गाड़ी से अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए उपजिल्हा अस्पताल, कामठी में भर्ती कराया गया।

कन्हान पुलिस स्टेशन में मृतक के पिता नितीन खोब्रागडे ने मौखिक बयान दिया कि उनकी बड़ी बेटी अंशिका खोब्रागडे ने शाम 5 से 7 बजे के बीच घर के कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या की है। कन्हान पुलिस ने इस मामले में मर्ग क्र. 18/25, धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। रविवार (9 जून) को शाम 4 बजे अंशिका खोब्रागडे की अंतिम यात्रा हनुमान नगर, कन्हान से निकाली गई और कन्हान नदी के शांति घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# संघर्षनगर वासियों ने हरीश राउत का किया सत्कार

**नागपुर.**



संघर्ष नगर में सिवर लाइन जाम होने की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, जिससे नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता नसीम अख्तर ने संघर्ष नगर के अन्य नागरिकों के साथ मिलकर आशी नगर जोन के असिस्टेंट कमिश्नर हरीश राउत से मुलाकात की और स्थिति से अवगत कराया। हरीश राउत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और संबंधित विभाग को निर्देश देकर सिवर लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू करवाया। काम की त्वरित शुरुआत और समस्या के समाधान के लिए संघर्ष नगर के नागरिकों ने हरीश राउत का सार्वजनिक रूप से धन्यवाद किया और उनका सत्कार किया। इस अवसर पर नसीम अख्तर ने कहा, 'हरीश राउत साहब की तत्परता से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो पाया है। हमें आगे भी उनसे ऐसी ही उम्मीदें हैं।' सत्कार कार्यक्रम में इरशाद अहमद, शेर खान, फारुख भाई, जमाल भाई, साजिद भाई, वकील भाई, शमसाद भाई सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

हरीश राउत ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि, 'आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। भविष्य में भी यदि कोई परेशानी हो तो आप निःसंकोच हमारे पास आइए, हम आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं।'



जननायक बिरसा मुंडा के 125 वें शहीद दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज बंधुओ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कड़ी में बिरसा मुंडा यूथ फोर्स के अध्यक्ष राहुल देवदास मडावी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका विनम्र अभिवादन किया।



# विधायक ने गौशाला परिसर में किया पौधारोपण

**सौंसर.**

नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने पौधारोपण कर गौशाला की वास्तविक स्थिति जानी। इस दौरान चौरे ने उपस्थितजनों से कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों को लगाया जाना अत्यंत आवश्यक है प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर पौधे लगाए एवं उसे जिम्मेदारी पूर्वक बड़ा करें। साथ ही गौ सेवा समूह के सदस्यगणों का गौशाला में गौवंश हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना भी की। इस अवसर पर वैष्णव खंडाइत,अमित पवार, विशाल धकाते,राहुल लाडसे,आदित्य दवंडे, अंकित गुर्वे एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

# सैंट्रो कार से अवैध गुटखा जब्त, कुल 4.41 लाख रुपये का माल बरामद

## केलवद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सावनेर.**



तहसील के केलवद थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुरी फाटा पर सोमवार दोपहर करीब 1 बजे पुलिस ने एक सैंट्रो कार से अवैध गुटखा जब्त किया। इस कार्रवाई में कुल 4 लाख 41 हजार 441 रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश के पांढुर्णा से अवैध गुटखा तस्करी किए जाने की गुप्त जानकारी पुलिस को मिली थी। इस सूचना के आधार पर रामपुरी फाटा पर नाकाबंदी की गई। मध्यप्रदेश की ओर से आ रही कार (क्रमांक एमएच-31/एजे 3077) को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें विभिन्न ब्रांड के अवैध गुटखे की खेप बरामद हुई। कार से जब्त किए गए माल में जनम, इगल हुक्का शीशा, रिमझिम, रत्नछाप सहित अन्य कंपनियों का अवैध गुटखा शामिल है। इस मामले में पारशिवनी निवासी आकाश अरविंद धुरही (29) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, जब्त सैंट्रो कार की कीमत 3 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है, जबकि गुटखे का बाजार मूल्य 96 हजार 441 रुपये बताया गया है। यह कार्रवाई सावनेर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी (डीवाईएसपी) अनिल म्हस्के के मार्गदर्शन में केलवद थाने के थानेदार अनिल राऊत, एएसआई संदीप नागरे, हवलदार मंगेश धारापुरे, दीपक इंगले और विजय क्षीरसागर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दी गई।

# मेहराखापा में निःशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**सौंसर.**

10 जून – जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रियंका उईके के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा द्वारा ग्राम पंचायत मेहराखापा में एक दिवसीय निशुल्क होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ ग्राम सरपंच सुभद्रा उईके के कर कमलों से हुआ। शिविर में शिववेदी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोना नाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यकता अनुसार रोगियों को निशुल्क होम्योपैथिक औषधियाँ वितरित की गईं। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को पोषण आहार, योग अभ्यास, एवं लू से बचाव हेतु परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही, औषधीय पौधों की सामान्य जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों को आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 'विश्व योग दिवस' के अवसर पर योग और प्राणायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में औषधालय स्टाफ से छाया मरकाम एवं अशोक लवाले की सक्रिय भूमिका रही। शिविर आयोजन में बसंत सहारे एवं झोला राम उईके का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 258-5 | 579-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 339-5 | 168-5 |

# मोहगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्टाफ की कमी

> केंद्र से जुड़े हैं आसपास के लगभग 28 छोटे गांव
> उपचार के लिए भटकते रहते हैं मरीज

**सौंसर.**

नगर मोहगांव में करोडो की लागत से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर महज दिखावे का ही काम कर रहा है, यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगर मोहगांव से जुड़े 28 छोटे गांवों का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र है, परंतु यहां पर शासन प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान में सिर्फ एक स्टाफ नर्स, एक फार्मेसिस्ट, एक सफाईकर्मी और एक अन्य कर्मी के भरोसे पर चल रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी है, खून जांच की सामग्री, प्रयोगशाला है परंतु जांचकर्ता की कमी है, कोई आपातकालीन मरीज के जाने पर उसे उठाने के लिए वार्ड बॉय की कमी है, मरीज के घाव पर पट्टी बाँधने के लिए ड्रेसर की कमी है,वही नगर मोहगांव निवासी अमोल वंजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में बहुत सी सुविधाओं की कमियो का अंबार है, वहां जाओ तो डॉक्टर दिखाई नहीं देते, खाली टेबल कुर्सी के अलावा कोई नजर नहीं आता, स्वास्थ्य केंद्र जाने पर वहाँ चिट्ठी बनांने पर बिना डॉक्टर के ही फार्मासिस्ट तकलीफ पूछ कर दवाई गोली दे देते है।

डॉक्टर और अन्य स्टाफ की कमी की जानकारी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को देने पर भी अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।



